संपादकीय

# पश्चिम का बदलता नजरिया

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन के इस बयान से पश्चिमी देशों में लोग सदमे में नजर आए कि युद्ध में यूक्रेन के एक लाख सैनिक और 20 हजार नागरिक मारे जा चुके हैं। बात इतनी बढ़ी कि डेर लियेन को अपना बयान वापस लेना पड़ा।

पहले जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज और फिर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यह कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए रूस से बातचीत के लिए वे तैयार हैं। अब तक रूस से बात ना करने के सख्त रुख पर चल रहे इन देशों के नजरिए में आया यह बदलाव काफी कुछ कहता है। दरअसल, अब पश्चिमी राजधानियों में यह बात महसूस की जाने लगी है कि यूक्रेन को प्रॉक्सी बना कर रूस से युद्ध की उनकी रणनीति बिखर रही है। बीते हफ्ते यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन के इस बयान से पश्चिमी देशों में लोग सदमे में नजर आए कि युद्ध में यूक्रेन के एक लाख सैनिक और 20 हजार नागरिक मारे जा चुके हैं। ये मसला इतना बढ़ा कि वॉन डेर लियेन को अपना यह बयान वापस लेना पड़ा। वैसे यह बात इसके पहले अमेरिका के सेना प्रमुख जनरल मार्क मिले भी कह चुके हैं। बीते अक्टूबर में उन्होंने कहा था कि युद्ध में एक लाख से अधिक रूसी सैनिक मारे गए हैं और संभवत: इतने ही यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं।

इसके अलावा रूसी हमलों से यूक्रेन के इन्फ्रास्ट्रक्चर को जो व्यापक नुकसान हुआ है, उसने वहां के लोगों को अंधकार और ठंड में जीने के लिए मजबूर कर दिया है। उधर यूक्रेन की मदद पहुंचे दूसरे देशों के 'स्वयंसेवकों' की भी बड़ी संख्या में मौत होने की खबर है। खुद पोलैंड ने स्वीकार किया है कि वहां से गए तकरीबन 1200 'स्वयंसेवक' मारे जा चुके हैं। उधर रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों से यूरोप के देश ऊर्जा संकट और मुद्रास्फीति की ऊंची दर का सामना कर रहे हैं। ऐसे में कई यूरोपीय स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके संसाधन सीमित हैं, इसलिए अनिश्चित समय तक यूक्रेन को मदद देना उनके लिए संभव नहीं होगा। ऐसे में यूक्रेन की हार एक वास्तविक संभावना बन गई है। ये हार पश्चिमी देशों के जनमत के लिए गहरा सदमा होगी। तो संभवत: अब बातचीत से ऐसा हल निकालना उनकी प्राथमिकता बन गई है, जिससे पश्चिमी सरकारें अपनी जनता को युद्ध के सम्मानजनक शर्तों पर खत्म होने की कहानी बता सकें।

# मीराबाई ने विश्व चैंपियनशिप में जीता रजत



**बोगोटा।** भारत की स्टार भारोत्तोलक और टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने कलाई के दर्द से पार पाते हुए विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीत लिया है।

मीराबाई ने बीती रात महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में स्नैच में 80 किग्रा भार उठाया, जबकि क्लीन एंड जर्क में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 113 किग्रा का रहा। भारतीय भारोत्तोलक ने कुल 200 किग्रा के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की जियांग हुइहुआ 206 किग्रा (93 किग्रा+113 किग्रा) के साथ पहले स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन झिहुआ ने 198 किग्रा (89किग्रा+109किग्रा) कांसे का तमगा अपने नाम किया।

विश्व चैंपियनशिप 2017 में स्वर्ण जीतने के बाद यह टूर्नामेंट में मीराबाई का दूसरा पदक है।

मीराबाई ने पदक जीतने के बाद कहा, पांच साल के लंबे समय के बाद एक और विश्व चैंपियनशिप पदक घर वापस लाना मेरे लिये भावनात्मक रूप से गर्व का क्षण है। सर्वश्रेष्ठ ओलंपिक खिलाडिय़ों की मौजूदगी में विश्व चैंपियनशिप की प्रतिस्पर्धा हमेशा उच्चतम स्तर की होती है।

मीराबाई ने देशवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा, मेरी कलाई में दर्द था लेकिन मैं हमेशा अपने देश के लिये पूरी कोशिश करने के लिये तैयार रहती हूं। आपका कभी न खत्म होने वाला समर्थन ही है जो मुझे हमेशा आगे बढ़ाता है। मुझे उम्मीद है कि मैं एशियाई खेलों और पेरिस ओलंपिक में भी स्वर्ण के साथ भारत को ऐसे और पल दे सकूंगी। मुझे उम्मीद है कि मैं एशियाई खेलों और पेरिस ओलंपिक में भारत को इस तरह के और पल दे सकूंगी।

सितंबर में एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान अपनी कलाई को चोटिल करने वाली चानू ने अक्टूबर में राष्ट्रीय खेलों में चोट के साथ ही हिस्सा लिया था।

मीराबाई के कोच विजय शर्मा ने कहा, आधे दशक के बाद विश्व चैंपियनशिप में मीरा को एक और पदक जीतते हुए देखना मेरे लिये वास्तव में गर्व का क्षण है। कलाई की समस्या के कारण यह उनके लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण था लेकिन वह दो शीर्ष एथलीटों को हराने में सफल रहीं और 200 किग्रा इतनी आसानी से उठा लिया।

शर्मा ने कहा, मीरा को देखकर मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं और वह निश्चित रूप से आगामी एशियाई खेलों और ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये कड़ी मेहनत करेगी। मैं भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव और पूरे महासंघ को हमारी यात्रा के दौरान प्रदान किये गये समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रही मीराबाई का स्नैच सत्र निराशाजनक रहा। उन्होंने 84 किग्रा भार उठाने के साथ शुरुआत की लेकिन 87 किग्रा भार उठाने के उनके दूसरे प्रयास को असफल माना गया। अपने अंतिम प्रयास में मीराबाई थोड़ा लडख़ड़ाईं लेकिन 87 किग्रा भार उठाने में सक्षम रहीं।

क्लीन एंड जर्क में भी मीराबाई का पहला प्रयास असफल रहा लेकिन अगले दो प्रयासों में उन्होंने 111 किग्रा और 113 किग्रा उठाकर रजत पदक हासिल कर लिया।

उल्लेखनीय है कि महाद्वीपीय और विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल प्रयास के लिये अलग से पदक दिये जाते हैं, जबकि ओलंपिक में सिर्फ कुल सफल प्रयास के लिये पदक दिया जाता है।

# भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने एशियन गेम्स के लिए किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली ।** कोरिया के इंचियोन में 24 नवंबर से चार दिसंबर तक खेली गयी 19वीं एशियन महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में छठां स्थान हासिल करने के साथ भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने आगामी एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

भारतीय लड़कियों का वापसी के बाद नई दिल्ली के करनाल सिंह स्टेडियम में एक समारोह में वापसी के बाद स्वागत किया गया। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा.तेजराज सिंह व कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय सहित रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के स्पोर्ट्स कोआर्डिनेटर रविंदर बुधानिया और दिल्ली जिला हैंडबॉल संघ के सचिव जसबीर सिंह बिस्ला ने खिलाडिय़ों को उनकी इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी। इसके साथ ही आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि मुझे विश्वास है कि निकट भविष्य में आपके प्रदर्शन में और सुधार होगा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना दबदबा कायम करेंगे।

# एयरटेल ने 184 देशों में यात्रा के लिए लांच किया 'वर्ल्ड पास' पैक

**नई दिल्ली ।** दूरसंचार सेवा कंपनी एयरटेल ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की सेवाओं को चालू रखने के लिये 'एयरटेल वर्ल्ड पास' लॉन्च किया है।

एयरटेल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि वर्ल्ड पास 184 देशों में निर्बाध रूप से काम करता है। कंपनी ने कहा कि दो या दो से अधिक देशों की यात्रा करने वाला व्यक्ति भी इस एक पैक से अपनी सभी रोमिंग आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है।

विज्ञप्ति में कहा गया, यह बदलाव एयरटेल द्वारा किये गये व्यापक ग्राहक अनुसंधान पर आधारित है। कई ग्राहक पूरे वैश्विक टेल्को उद्योग में सामान्य रूप से भ्रमित करने वाले अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पाते हैं। नतीजतन, कई लोग जब चाहते हैं तब वह नेटवर्क से जुड़े नहीं होते। ऐसे में वे विदेश में अस्थायी कनेक्शन के जटिल विकल्प तलाशते हैं। एयरटेल ने वर्ल्ड पास के लॉन्च के साथ इस समस्या को संरचनात्मक रूप से हल कर लिया है।

# बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने एससीजी के साथ गुजरात में किया भूमि अधिग्रहण

**अहमदाबाद ।** एरेटेड ऑटोक्लेव्ड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉक्स, ब्रिक्स और पैनल्स के निर्माण में अग्रणी कंपनियों में से एक बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने सियाम सीमेंट ग्रुप (एससीजी) के साथ अपने संयुक्त उद्यम के लिए गुजरात के खेड़ा जिले में भूमि अधिग्रहण किया है।



बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड प्रबंध निदेशक नरेश साबू ने अपने बयान में कहा है कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी ने एससीजी इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन के साथ कपडवंज में संयुक्त उद्यम संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण और आवश्यक परिश्रम पूरा कर लिया है। इस संयुक्त उद्यम का उद्देश्य तकनीकी-वाणिज्यिक ज्ञान साझा करना, निर्माण उद्योग में आपसी विकास और सहयोग को बढ़ावा देना और भारतीय बाजारों में नए युग की निर्माण सामग्री लाना है। पहले चरण में, यह एएसी ब्लॉक और एएलसी पैनलों के लिए तीन लाख सीबीएम प्रति वर्ष संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी वर्ष 2023 में संयंत्र से व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने के लिए आश्वस्त है।

उन्होंने कहा कि दोनों संयुक्त उद्यम दलों से अनुमोदन के साथ परियोजना को दूसरे चरण में पांच लाख सीबीएम प्रति वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। आगे जाकर एससीजी और बिगब्लॉक भारत में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने, एक दूसरे की क्षमता का लाभ उठाने और निर्माण उद्योग को असाधारण समाधान प्रदान करने के लिए सभी बिल्डिंग मटिरियल सोल्युशन्स पर संयुक्त रूप से काम करेंगे। 2015 में निगमित, बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड प्रति वर्ष 5.75 लाख सीबीएम की क्षमता के साथ एएसी ब्लॉक स्पेस में सबसे पुरानी, सबसे बड़ी और एकमात्र सूचीबद्ध कंपनी है। यह इस सेगमेंट की एकमात्र कंपनी है जो कार्बन क्रेडिट उत्पन्न करती है। वर्ष के दौरान, कंपनी ने वाडा (महाराष्ट्र) और अहमदाबाद (गुजरात) में ग्रीनफील्ड परियोजनाओं की स्थापना की योजना बनाई। प्रति वर्ष पांच लाख सीबीएम के साथ वाडा में विस्तार अनुसूचित के रूप में चल रहा है और कंपनी बहुत जल्द वाणिज्यिक उत्पादन की उम्मीद है।

# भारतीय टीम को बड़ा झटका, टेस्ट सीरीज से बाहर हुए रोहित शर्मा

## 0 तीसरे वनडे से हिटमैन समेत 3 खिलाड़ी आउट

**नई दिल्ली ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलना संदिग्ध हैं। दूसरे वनडे के दौरान (सात दिसंबर) को उनके बाएं अंगूठे में चोट लगी। उन्होंने फील्डिंग नहीं की और केएल राहुल ने कमान संभाली। हालांकि, रोहित बल्लेबाजी के दौरान अंत में क्रीज पर उतरे और अर्धशतक भी लगाया। उनकी पारी के बावजूद टीम नहीं जीत पाई।

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दूसरे वनडे में मिली हार से श्रृंखला गंवाने के बाद कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बचे हुए बांग्लादेश दौरे पर नहीं खेलेंगे जिसमें टेस्ट श्रृंखला भी शामिल है क्योंकि वह ऊंगली में चोट के बाद विशेषज्ञों से सलाह के लिये स्वदेश लौट जायेंगे। द्रविड़ ने यह भी सूचित किया कि चोटिल तेज गेंदबाज दीपक चाहर हैमस्ट्रिंग और कुलदीप सेन पीठ की चोट के कारण तीसरे वनडे में नहीं खेलेंगे।



हालांकि द्रविड़ ने कहा कि वह सुनिश्चित नहीं हैं कि रोहित 14 दिसंबर से चटगांव में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला में खेल पायेंगे, ऐसे में उन्हें बाहर ही माना जाये।

रोहित ने मैच के बाद कहा, 'यह (ऊंगली की चोट) ठीक नहीं है। कुछ 'डिस्लोकेशन' (हड्डी का अपनी जगह से हटना) और कुछ टांके हैं। भाग्यशाली हूं कि यह फ्रेक्चर नहीं है इसलिये बल्लेबाजी करने आ सका। रोहित, कुलदीप और दीपक तीसरे मैच में नहीं खेलेंगे। रोहित मुंबई लौटेंगे और विशेषज्ञ को दिखायेंगे कि उनकी ऊंगली की चोट कैसी है। हम इस स्थिति में नहीं हैं कि बता सकें कि वह टेस्ट श्रृंखला में खेल पायेगा या नहीं। यह जल्दबाजी होगी। '

रोहित ने खुद 'डिस्लोकेशन' की पुष्टि की हे तो उन्हें नेट में बल्लेबाजी शुरू करने में कम से कम तीन से चार हफ्तों का समय लगेगा। दूसरी स्लिप में क्षेत्ररक्षण कर रहे रोहित ने मोहम्मद सिराज के पारी के दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर अनामुल हक का कैच छोड़ा और इस दौरान गेंद लगने से उनके बाएं हाथ से खून निकलने लगा।

# उबर को ग्राहकों के साथ ये काम करना पड़ा महंगा, कोर्ट ने लगाया 115 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी राइडिंग सर्विस प्रदाता कंपनी उबर पर कोर्ट ने 115 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी पर ये जुर्माना ग्राहकों को गुमराह करने और गलत चेतावनी देने के लिए लगाया गया है।




कंपनी पर राइड कैंसिल करने पर चार्ज वसूलने की धमकी देने और कुछ सवारियों को किराया बढ़ा-चढ़ाकर बताने का आरोप था। इस मामले में ऑस्ट्रेलियन कंपटीशन एंड कंज्यूमर कमीशन ने उबर के खिलाफ केस दर्ज किया था। हालांकि, यह जुर्माना राशि उबर की उम्मीद से कम है। उबर ने ग्राहकों से अपनी गलती के लिए माफी मांगी है।

ऑस्ट्रेलिया की फेडरल कोर्ट ने कहा कि अमेरिकी राइड-शेयरिंग ऐप की ऑस्ट्रेलियाई विंग ने 2017 से 2021 के बीच कुछ राइड कैंसिल करने पर ग्राहकों को चार्ज वसूलने की धमकी देकर और अगस्त 2020 तक पेश की जाने वाली टैक्सी सर्विस के लिए किराया तय करने के लिए गलत सॉफ्टवेयर एल्गोरिदम का इस्तेमाल करके कंज्यूमर कानूनों को तोड़ा है। इसलिए ग्राहकों को गुमराह करने पर कोर्ट ने 115 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोका है।

उबर ने अपनी वेबसाइट पर एक पोस्ट में ऑस्ट्रेलियाई यूजर्स से माफी मांगी है। कंपनी ने लिखा कि जो गलतियां हमने की हैं, उसके लिए ऑस्ट्रेलियाई लोगों से माफी मांगते हैं, और संबंधित चिंताओं के आधार पर हमने अपने प्लेटफॉर्म में सक्रिय तौर पर बदलाव किए हैं। वही, जज माइकल ह्यूग ओ'ब्रायन ने लिखित फैसले में कहा कि स्मार्टफोन ऐप में गलत जानकारी देकर उबर ग्राहकों के राइड कैंसिल संबंधी फैसलों को बदलना चाहता था।

# 'हेरा फेरी' में राजू के रूप में फिर से लौट सकते हैं अक्षय

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार, जिनका फिल्मों में यह साल बहुत सफल नहीं रहा, 'हेरा फेरी' की दुनिया में वापसी कर सकते हैं। इससे पहले, मीडिया में यह व्यापक रूप से बताया गया था कि सुपरस्टार ने फिल्म के निर्माता के बाद फ्रैंचाइजी छोड़ दी थी क्योंकि वह चिजों को लेकर एक जैसी सोच नहीं रखते थे। अक्षय के बाहर निकलने के बाद, इस साल की शुरूआत में सुपरहिट 'भूल भुलैया 2' देने वाले कार्तिक आर्यन को फिल्म में लाया गया – एक ऐसा विकास जिसकी पुष्टि फिल्म के अपने ही बाबू भैया – परेश रावल ने ट्विटर पर की।



विकास ने सोशल मीडिया पर भारी हंगामा किया और सही भी है क्योंकि कॉमेडी शैली में फ्रेंचाइजी हिंदी सिनेमा के स्तंभों में से एक है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने अक्षय कुमार के साथ बातचीत फिर से शुरू की है, जो हाल ही में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए थे। निर्माता ने इस बात पर सहमति जताई कि अक्षय का राजू का किरदार 'हेरा फेरी' फ्रेंचाइजी को उनके साथी कलाकारों सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ इतना खास बनाता है। जबकि पहले मीडिया में यह अनुमान लगाया गया था कि फिल्म में अक्षय के पारिश्रमिक पर असहमति थी, हाल की मीडिया रिपोर्टें में कहा गया है कि निर्माता और अभिनेता के बीच मतभेद मुख्य रूप से स्क्रिप्ट के कारण थे क्योंकि अक्षय फ्रैंचाइजी के लिए सर्वश्रेष्ठ के अलावा कुछ नहीं चाहते थे।

# अवतार: द वे ऑफ वॉटर की जमकर हो रही अडवांस बुकिंग, दो लाख टिकटें बिकीं

जेम्स कैमरून की फिल्म अवतार: द वे ऑफ वॉटर की भारत में 22 नवंबर को अडवांस बुकिंग शुरू हुई थी। देशभर में फिल्म की अब तक दो लाख से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, देश में मंगलवार सुबह तक फिल्म के करीब 2.15 लाख टिकट बुक हो चुके हैं जिससे करीब 8.50 करोड़ रुपये की कमाई हो चुकी है। इनमें से करीब 3.50 करोड़ रुपये फिल्म ने सिर्फ पहले दिन के टिकट से कमाए हैं।



अडवांस बुकिंग में एक तिहाई टिकट आईएमएएक्स के लिए बुक किए गए हैं। इनमें 75 प्रतिशत टिकट बड़ी मल्टीप्लेक्स चेन द्वारा बेचे गए हैं। अकेले पीवीआर में अब तक फिल्म की करीब 85,000 टिकट बुक हो चुके हैं। 2009 की फिल्म अवतार का यह सीक्वल 16 दिसंबर को रिलीज हो रहा है।.र

# आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी कुछ सोच-विचार करेंगे।

**वृष :** आपका दिन सामान्य रहेगा और व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें।

**मिथुन :** आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आपका मन नये कार्यों को सीखने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दसरों की हर संभव मदद करें। आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**कर्क :** आज आपका दिन समान्य रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन भी मिलेंगे। महिलाएं घर के पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगी।

**सिंह :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें।

**कन्या :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोल-भाव पर लाभ होगा।

**तुला :** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा है। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा।

**धनु :** आपका दिन आज उत्तम रहेगा। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर पर परिवरवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पड़ोसियों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।


**मकर :** आज आपका मन पुरे दिन प्रसन्न रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आपकी बात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करेंगे। संतान की करियर के लिए मन में चिंताएं बनी रहेंगी। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते है।

# आसान तरीके से बनाएं बैंगन कटलेट

**शाम की चाय के साथ इस क्रिस्पी स्नैक्स का मजा ले सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान है। आइए जानते हैं, इसकी रेसिपी।**



**सामग्री :**

4-5 बैंगन टुकड़ों में कटे हुए, 1 कप आलू कटे हुए, 1 कप कप गाजर टुकड़ों में कटे हुए, स्वादानुसार नमक, 1 टी स्पून गरम मसाला, 1 टी स्पून अमचूर पाउडर, 1 टी स्पून धनिया पाउडर, 2-3 कटी हरी मिर्च, 2 चम्मच तेल

**विधि :**

-एक कढ़ाई में तेल गरम करें, कटे हुए बैगन, आलू, गाजर को नमक के साथ भूनें।

- जब यह नरम हो जाए, तो गैस बंद कर दें।

- इसी बीच कटे हुए प्याज, हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट तैयार कर लें।

- अब भुनी हुई सब्जियों को मिक्सर की मदद से मैश कर लें।

-इसमें गरम मसाला, आमचूर पाउडर, धनिया पाउडर और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं।


-मिश्रण से छोटे-छोटे गोल कटलेट बना लें और तेल में फ्राई कर लें।

- तैयार है बैंगन कटलेट।

# शब्द सामर्थ्य- 275

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 274 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

# सू-दोकू- 275

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.274 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |